**दिल्ली जल आपूर्ति और मल व्ययन संस्थान में मीटर रीडरों/चपरासियों के लिए इन्टरव्यू**

1017. श्री **रामसिंह शाक्य** : क्या **निर्माण और आवास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जून, 1983 में दिल्ली जल आपूर्ति और मल व्ययन संस्थान में सहायक मीटर रीडर और चपरासियों के पद पर दिहाड़ी के आधार पर नियुक्ति के लिए लगभग दो हजार व्यक्तियों का इन्टव्यू लिया गया था परन्तु अब तक उसका परिणाम घोषित नहीं किया गया है;

(ख) यदि यहां, तो परिणाम घोषित न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) परिणाम कब तक घोषित कर दिया जाएगा ?

**निर्माण और आवास मन्त्रालय में उयमन्त्री (श्री मोहम्मद उस्मान आरिफ)** : (क) जी, हां। तथापि, परीक्षाफल घोषित कर दिए गए हैं।

(ख) तथा (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

**मध्य गंगा नहर परियोजना और राजघाट बांध परियोजना पूरी करना**

1018. **श्री रामसिंह शाक्य** : क्या **सिंचाई मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में मध्य गंगा नहर परियोजना और मध्य प्रदेश में राजघाट बांध परियोजना, जो इस समय तक पूरी हो जानी थी, पूरी नहीं हुई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि केन्द्रीय सरकार ने उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत अनुमानित प्राक्कलनों के अतिरिक्त और अधिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है, फिर भी इन परियोजनाओं का कार्य पूरा नहीं हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो इन परियोजनाओं के कब तक पूरी हो जाने की सम्भावना है?

**सिंचाई मन्त्रालय के राज्य मन्त्री (श्री राम निवास मिर्धा)** : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश की मध्य गंगा नहर परियोजना 1984-85 के दौरान तथा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की अन्तर्राज्यिक राजघाट बांध परियोजना मूलत: 1985-86 के दौरान पूरी की जानी अनसूचित थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि मध्य गंगा नहर परियोजना 1984-85 तक पूरी हो जाने की संभावना है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के राज्यों द्वारा परियोजना के लिए पर्याप्त वित्तीय आबंटनों की व्यवस्था किए जाने के अध्यधीन, राजघाट बांध परियोजना को 1986-87 तक पूर्ण कर लिए जाने की योजना बनाई गई है।

इन परियोजनाओं के लिए किसी विशिष्ट केन्द्रीय सहायता की व्यवस्था नहीं की गई है।

**Unauthorised constructions in Delhi Following Stay of Demolition**

1019. SHRI SUSHIL BHATTACHARYA : Will the Minister of